**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 09.08.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से जोधपुर के दो दिन के दौरे पर – न्यायिक अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।**
- **हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरु –15 अगस्त तक प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।**
- **विश्व आदिवासी दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।**
- **प्रदेश के पूर्वी जिलों में बरसात का दौर जारी –अगले एक सप्ताह बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना।**

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से जोधपुर के दो दिन के दौरे पर हैं। उनका आज वहां न्यायिक अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम है। उपराष्ट्रपति कल कौंसिल ऑफ राजस्थान द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ पर मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगें और अपना सम्बोधन देंगे। इस अवसर पर 'उभरते भारत में न्यायपालिका की भूमिका' पर एक दिवसीय लॉ सेमिनार और बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व सदस्यों का अभिनंदन कार्यक्रम होगा।

000

संसदीय कार्य, विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के लक्ष्य के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के उत्थान और प्रगति के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में समावेशी विकास के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संकल्पित है। जनसुनवाई के दौरान राजस्थान जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई सहित विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

000

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि औपनिवेशिक शासन से देश को स्वतंत्रता दिलाने में भारत छोड़ो आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ के अवसर पर महात्मा गांधी और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धाजंलि दी। देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरु हुआ। 15 अगस्त तक चलने वाले अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियान को एक बार फिर यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी साझा कर स्वतंत्रता का जश्न मनाने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफ़ाइल फोटो तिरंगे में बदल ली और लोगों से भी तिरंगे की डीपी लगाने की अपील की है। अभियान के तहत जयपुर जिला परिषद 70 हजार ध्वज वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जयपुर की जिला प्रमुख रामादेवी चोपड़ा ने आमजन से हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घर एवं संस्थान के भवनों पर तिरंगा फहराने की अपील की है। राज्य के अन्य जिलों में भी तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। झुंझुनूं में हर घर तिरंगा अभियान के तहत

नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने रैली निकाली। श्रीगंगानगर में सफाई कर्मचारी और नरेगा श्रमिकों को घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। डूंगरपुर में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली और तिरंगा मेलों समेत कई आयोजन किये जायेंगे। हनुमानगढ़ में अभियान के तहत जिला प्रशासन ने एक सेल्फी कॉन्टेस्ट रखा है, जिसमें तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करनी होगी। सवाई–माधोपुर में भी अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भीलवाडा में 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जाएगा।

----------------

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जैसलमेर में इस अवसर पर वाहन रैली निकाली गई। सांचौर में स्कूली विद्यार्थियों ने आदिवासी संस्कृति और सभ्यता की झांकियां पेश कीं। बालोतरा में भील समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। डूंगरपुर जिले में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी संगठनों की ओर से आदिवासी परंपराओं और रीति रिवाज के अनुरूप कई कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में बांसवाड़ा डूंगरपुर सासंद राजकुमार रोत भी शामिल हुए। झुंझुनूं के मीणा छात्रावास में आदिवासी सेवा संस्थान की ओर से विचार गोष्ठी और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व आदिवासी दिवस पर दौसा जिले के नांगल प्यारी वास में आदिवासी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा सहित समाज के अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में डा किरोड़ी लाल मीणा ने आरक्षण को लेकर हाल ही में आये उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और कहा कि इस फैसले को लेकर कुछ लोग गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

-----------------------------------

आदिवासी दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो कोटा की ओर से मीणा छात्रावास में संगोष्ठी का आयोजन किया गया और छात्रावास परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं केन्द्रीय संचार ब्यूरो डूंगरपुर की ओर से वीरबाला कालीबाई राजकीय जनजाति बालिका छात्रावास में संगोष्ठी और विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में अलवर, भरतपुर, जयपुर, बांसवाड़ा और दौसा जिले के कई स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गयी है। दौसा के महवा में सबसे ज्यादा 195 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं कुछ जिलों में रिमझिम फुहार का दौर जारी रहा। करौली, धौलपुर जिलों में भी अच्छी बारिश के समाचार हैं। तेज बारिश के कारण करौली के पांचना बांध में एक बार फिर पानी आना शुरू हो गया, जिसके कारण 3 गेट खोले गए हैं। टोंक, नागौर और भीलवाड़ा में भी कुछ स्थानों पर तेज पानी बरसा है। जयपुर में रूक–रूक कर पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। आज सुबह से हल्की वर्षा का दौर जारी है। नीमकाथाना जिले में पिछले दो–तीन दिन से रुक रुक कर रिमझिम बारिश हो रही है। जिले के गावड़ी ग्राम के पहाड़ों में पानी के झरने शुरू हो गए हैं। कोटपूतली–बहरोड़ जिले के बानसूर कस्बे में सुबह से ही हल्की बरसात हो रही है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले पांच–सात दिन पूर्वी जिलों में बारिश का दौर जारी रहेगा।

-----------------------

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े कल बाड़मेर ज़िले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री बागड़े विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। राज्यपाल गडरारोड़ के पास भारत–पाक सीमा का दौरा करेगें और बीएसएफ के

जवानों से संवाद करेंगे। राज्यपाल का ज़िला परिषद् सभागार में एक उच्च स्तरीय बैठक करने का भी कार्यक्रम है । इस बीच ज़िला कलेक्टर और ज़िला पुलिस अधीक्षक ने आज तैयारियों का जायज़ा लिया।

000

प्रदेश के विभिन्न अंचलों में आज नाग पंचमी का पर्व पारम्परिक श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु भगवान शिव के साथ–साथ नाग देवता की पूजा कर रहे हैं। सवाईमाधोपुर जिले में आज विभिन्न स्थानों पर नागपंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा भाव और उल्लास के साथ मनाया गया। शिव मंदिरों में नाग देवता की पूजा आराधना के कार्यक्रम आयोजित किए किये। डीग में नाग पंचमी के मौके पर चौमेदा महादेव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिर में भक्तों का सुबह से ही तांता लगा रहा। महिलाओं ने दीवार पर नाग–नागिन की आकृति बनाकर दूध, पुआ, पकौड़ी का भोग लगाया।

000

कोटा के अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क में आज एक नर बाघ की मौत हो गई। यह बाघ करीब 17 साल का था। इसे डेढ वर्ष पहले बाघिन महक के साथ जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से कोटा शिफ्ट किया गया था।

000

जोधपुर से जयपुर तथा दिल्ली रेल लाइन पर अब जल्द ही इलेक्ट्रिक रेलों का संचालन शुरू होगा। राइकाबाग से फुलेरा रेलवे स्टेशनों के बीच रेल विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो गया है। इससे अब जोधपुर की दिल्ली से इलेक्ट्रिक ट्रेन से सीधी कनेक्टिविटी हो गई है। डेगाना–फुलेरा रेल खंड के मकराना से फुलेरा रेलवे स्टेशनों के बीच इलेक्ट्रिक लोको 110 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से दौड़ा कर सफल रन ट्रायल किया गया है। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मकराना से फुलेरा रेलवे स्टेशनों के बीच इस 64 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर विद्युतीकरण के साथ ही जोधपुर मंडल पर कुल 1 हजार 626 किमी रुट में से 1 हजार 568 किमी रेल मार्ग पर विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि जोधपुर से बीकानेर और मारवाड़ जंक्शन स्टेशनों के मध्य पहले से ही इलेक्ट्रिक लोको से ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया जा चुका है।

000